सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 83 | इंदौर, गुरुवार 28 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मणिपुर में भाजपा कार्यालय में भीड़ ने आग लगाई

## भाजपा अध्यक्ष के घर पर हमला, दो स्टूडेंट्स की हत्या को लेकर विरोध जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंफाल। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच 3 मई से जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। दो लापता स्टूडेंट्स की हत्या को लेकर प्रदर्शनकारी विरोध कर रहे हैं। उधर, 27 सितंबर को भीड़ ने थाउबल जिले में BJP ऑफिस में आग लगा दी। इसके अलावा इंफाल में BJP स्टेट प्रेसिडेंट शारदा देवी के घर पर भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि राज्य में बीते 24 घंटे में माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन हालात पर कंट्रोल किया गया। हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर 1697 लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्टूडेंट मर्डर केस की जांच के लिए CBI के स्पेशल डायरेक्टर अजय भटनागर अपनी टीम के साथ बुधवार को स्पेशल फ्लाइट में इंफाल पहुंचे।



### सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन चलाई, एक स्टूडेंट के सिर में छर्रे घुसे

राजधानी इंफाल सहित कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच हिंसक झड़प हुई। पुलिस ने भीड़ को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले, नकली बम फेंके। साथ ही पैलेट गन भी चलाई। इसमें कई स्टूडेंट घायल हो गए। वहीं, एक छात्र के सिर में छर्रे घुसने से उसकी हालत गंभीर है। इंफाल घाटी में पिछले 2 दिन में हुए प्रदर्शन में 50 लोग घायल हो गए। इनमें ज्यादातर छात्र हैं।

### ◆ पहाड़ी इलाकों में AFSPA 6 महीने बढ़ाया गया

राज्य के पहाड़ी इलाकों में AFSPA अभी लागू रहेगा। सरकार ने इसे 1 अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। सिर्फ 19 थाना क्षेत्रों को इससे अलग रखा गया है। राज्य के बाकी हिस्से को डिस्टर्ब एरिया घोषित किया गया है।

जिन 19 थाना क्षेत्रों को AFSPA से अलग रखा गया है, उनमें इंफाल, लेंफेल, सिटी, सिंग्जमेई, सेकमई, लामसांग, पत्सोई, वांगोई, पोरोमपट, हेंगेंग, लामलाई, इरिलबुंग, लेमखोंग, थोबुल, बिष्णुपुर, नांबोल, मोइरोंग, काकचिंग और जिरिबम शामिल हैं।

### मणिपुर की ताजा घटनाएं...

- **23 सितंबर**: राज्य में 23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दो स्टूडेंट्स के शवों की फोटो सामने आई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि, दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों स्टूडेंट्स एक दुकान में लगे CCTV कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है।
- **26 सितंबर**: इंफाल शहर में 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स के बीच झड़प हुई। इसमें 1 टीचर सहित 54 छात्र घायल हो गए। स्टूडेंट्स जुलाई से लापता दो स्टूडेंट्स की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद राज्य सरकार ने एक बार फिर मोबाइल इंटरनेट पर 1 अक्टूबर तक के लिए बैन लगा दिया है।
- **26 सितंबर**: सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें प्रदर्शन कर रहे लोगों से निपटने के दौरान एक RAF जवान को यह कहते सुना गया कि ये हमारी जाति के नहीं है, जो करना है करो। मणिपुर पुलिस ने इस वीडियो का खंडन किया। पुलिस के मुताबिक, क्लिप में आवाज RAF जवान की नहीं है। सिक्योरिटी फोर्स की इमेज खराब करने के इरादे से यह किया गया।

# अर्धनग्न किसान और कांग्रेसियों ने किया तहसील का घेराव

## सीएम के विरोध की चेतावनी, मुआवजे की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सिराली। अतिवृष्टि के कारण तहसील क्षेत्र में खराब हुई सोयाबीन एवं मक्का की फसल के मुआवजे की मांग की जा रही है। हाल ही में किसान संघ एवं वनांचल के किसानों द्वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर खराब हुई फसल दिखाते हुए सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की थी। मंगलवार को कांग्रेस द्वारा किसानों के साथ अर्धनग्न अवस्था में होकर मुआवजे की मांग की गई।

### किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया घेराव

कांग्रेस नेता अभिजीत शाह के नेतृत्व में दोपहर को सैकड़ों की संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और तहसील कार्यालय का घेराव किया। तहसील कार्यालय का गेट बंद होने के कारण उन्हें गेट कूदकर अंदर जाना पड़ा और तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

### मुख्यमंत्री के घेराव की चेतावनी

कांग्रेस नेता अभिजीत ने बताया कि हमारे द्वारा किसान की क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजे की मांग की जा रही है। किसानों की सोयाबीन एवं मक्के की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। उन्हें 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा देना चाहिए। शीघ्र ही सर्वे करा कर किसाने की क्षतिपूर्ति की जाए अगर शीघ्र सर्वे नहीं हुआ तो आगामी 29 तारीख को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरदा आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी उनका हरदा में घेराव करेगी।

# जीप ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

## इंदौर फोरलेन बायपास पर हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र में इंदौर फोरलेन पर शांति पैलेस के पीछे बायपास पर हादसा हो गया। सांवराखेड़ी मोड़ पर रात के अंधेरे में टायर पंक्चर होने की वजह से सड़क के बीच खड़ी बोलेरो जीप वाहन चालक को नहीं दिखी। तूफान जीप ने बोलेरों के अचानक सामने आने पर टर्न लिया और सामने से आ रहे बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई थी। जिला अस्पताल में डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि इंदौर रोड़ स्थित गोल्डन पेट्रोल पंप के समीप स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय भेरूसिंह पिता पूनमचंद्र माली का सांवराखेड़ी में खेत और पुराना मकान है। वे मंगलवार रात 9 बजे ग्रीन पार्क से अपने पुराने घर पर जा रहे थे। इसी दौरान वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया। बुधवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है और जिस तूफान ने टक्कर मारी है वो भी घटना स्थल पर पड़ी हुई है।

### अनंत चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामना एवं अवकाश की सूचना

अनंत चतुर्दशी की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष्य में 29 सितंबर को डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 30 सितंबर शनिवार को प्रकाशित होगा। - संपादक

## सजने जा रहा है साहित्य का कुंभ इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत के सबसे जीवंत साहित्य उत्सवों में से एक इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल का नवां संस्करण 29,30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को डेली कॉलेज मे होगा। फेस्टिवल मे साहित्य,संस्कृति और कला जगत के अनेक दिग्गज भाग ले रहे है। कार्यक्रम सभी साहित्य एवं कला प्रेमियों के लिये खुला हैं,लेकिन सीट पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर मिलेगी। फेस्टिवल का शुभारंभ 29 सितंबर, शुक्रवार को शाम 4 बजे डेली कालेज के धीरूभाई अंबानी सभागृह में अतिथि लेखको द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल सोसाइटी के संस्थापक प्रवीण शर्मा ने दी। **फेस्टिवल के प्रमुख आकर्षण-** फेस्टिवल में दुनिया के जाने माने इनोवेटर, शिक्षाविद एवं हिमालय से आने वाले प्रेरणा पुंज सोनम वांगचुक रहेंगे। इनके अलावा प्रखर विचारक एवं वक्ता डा. आनंद रघुनाथन,बेस्ट सेलर लेखक प्रीति शिनॉय,प्रसिद्ध लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर चेतन भगत ,सामाजिक उद्यमी एवं हिमालयीन इंस्टीट्यूट आफ अल्टरनेटिव की सीईओ गीतांजलि जे अंगमो भाग ले रहे हैं। साथ ही ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता दामोदर मौजो, व्यास पुरस्कार से सम्मानित पद्मश्री डा. ज्ञान चतुवेर्दी, प्रयाग शुक्ल, लीलाधर मंडलोई,आईएएस अधिकारी नियाज खान,मनीषा कुलश्रेष्ठ जैसे वरिष्ठ व ख्यातनाम साहित्यकार भी भाग लेंगे।

## डॉ. पद्मा सिंह भाषा सारथी सम्मान से सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** कवि सम्मेलन शताब्दी वर्ष निमित्त हिन्दी महोत्सव 2023 के उपलक्ष्य में बुधवार को मातृभाषा डॉट कॉम एवं इन्दौर टॉक ने काव्य उत्सव आयोजित किया, जिसमें कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से हिन्दी कविताएँ सुनाई। कार्यक्रम में अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पद्मा सिंह ने की। स्वागत संबोधन मातृभाषा के संस्थापक डॉ. अर्पण जैन अविचल ने दिया। अतिथि स्वागत इन्दौर टॉक के संस्थापक अतुल तिवारी ने किया।काव्य उत्सव में डॉ पद्मा सिंह को भाषा सारथी सम्मान से सम्मानित किया गया।काव्य उत्सव में संध्या राणे, अनुपमा समाधिया, नेहा लिम्बोदिया, डॉ. पंकज जैन ने काव्य पाठ किया एवं संचालन डॉ. अखिलेश राव ने किया। आयोजन में मुकेश तिवारी, जयसिंह रघुवंशी, राधिका मण्डलोई, पुणे से आएं घनश्याम वर्मा, अशोक गौड़, राजेंद्र खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

## पलासिया के राजा में गूंजा जय गणेश-जय झूलेलाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर शहर के पूर्वी क्षेत्र पलासिया में विगत 18 वर्षों से पलासिया का राजा गणेशोउत्सव का आयोजन किया जा रहा है । आयोजन समिति से जुड़े जगदीश लखवानी, लालचंद छाबड़ा, नरेश फुँदवानी एवं सन्नी मूलचंदानी ने बताया कि आयोजन का मुख्य आकर्षण जंजीर वाला चौराहे से इंडस्ट्री हाउस चौराहे तक जगमगाती लाइटिंग के बीच दगडू सेठ की प्रतिकृति में श्री गणेश जी की भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। जहाँ प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के आयोजनों के साथ साथ शहर के विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है । 26 सितंबरमंगलवार को पलासिया के राजा गणेश उत्सव में सांसद शंकर लालवानी सहित इंदौर शहर के सिंधी समाज के राजनीतिक, पंचायत, संगठनो एवं युवा और महिला शक्ति को महाआरती में आमंत्रित किया गया था । जय श्री गणेश एवं जय जय झूलेलाल के नारों के बीच समाजजनो ने महाआरती में सम्मलित हुए ।

# श्रीगणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाओं का एकत्रिकरण

### निगम द्वारा अथाई पर्यावरण हितेषी कुंड बनाए गए

◆ निर्माल्य रथ में स्थित निर्माल्य कुंड में करेंगे पूजन सामग्री का एकत्रीकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह व जन कार्य प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ,जलकार्य प्रभारी अभिषक शर्मा बबलू, सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाडिया ने बताया कि इंदौर शहर में प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा जनभावनाओ के अनुरूप पारंपरिक तरीके से श्री गणेश प्रतिमा के विसर्जन हेतु शहर के विभिन्न स्थानो पर 28 सितम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे से दिनांक 29 सितम्बर 2023 तक प्रातः 10 बजे तक प्रतिमा एकत्रीकरण किया जावेगा, इसके साथ ही शहर के 100 से अधिक स्थानो पर पर्यावरण हितेषी कुण्ड की व्यवस्था की गई है, उक्त कुण्ड में नागरिको, धमार्लुजनो के द्वारा पूर्ण आस्था के साथ स्वंय के हाथो से भागवान श्री गणेश की मिटटी से निर्मित प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

इस संबंध में आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा श्री गणेश प्रतिमा का एत्रिकरण व विसर्जन से संबंधित कार्यवाही हेतु समस्त विभागीय अधिकारियो के साथ-साथ समस्त झोनल अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये। महापौर श्री भार्गव व जलकार्य प्रभारी श्री शर्मा ने बताया कि अनंत चतुर्दशी दिनांक 28 सितम्बर 2023 सुबह 10 बजे से एवं उसके अगले दिन अर्थात दिनांक 29 सितम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे तक पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानो पर बडे-छोटे अस्थायी पर्यावरण हितेषी कुंण्ड में नागरिक अपने हाथो से मिटटी से निर्मित श्री गणेश प्रतिमाओ को विजर्सन कर सकते है। साथ ही शेष रही प्रतिमाऐं निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहा, मार्गो व स्थान पर एकत्रित की जावेगी, जहां से उन्हे सुरक्षित जवाहर टेकरी पर वर्षाॠतु से भरे जल में दिनांक 29 सितम्बर को विधि-विधान से पुजन कर हाइड्रोलिक सिस्टम के अंतर्गत बनाए गए नई तकनीक से विसर्जन किया जावेगा। उपरोक्तानुसार श्री गणेश प्रतिमा का एकत्रीकरण, विधि-विधान से पुजन व विसर्जन कार्य हेतु समस्त झोनल अधिकारियो के साथ-साथ विभागीय अधिकारियो को कार्य आवंटित किया जाकर, दायित्व सौंपे गये है।

# गोमटगिरी पर निर्माण के विरोध में जैन समाज थाने पहुंचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गोमटगिरी पर गुर्जर समाज द्वारा अचानक निर्माण आज शुरू कर दिया गया । जिसकी जानकारी लगते ही समग्र जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में गांधी नगर थाने पर एकत्रित हो गए। प्रशासन को तुरंत शिकायत दर्ज करा कर निर्माण को रूकवाया।

अवैध निर्माण करने वालो की गिरफ्तारी और अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त करने की मांग जैन समाज गांधी नगर थाने पर धरने पर बैठा ।ूस्त्र रूबीना रिजवान एवं 2ƒ अजय शुक्ला के समक्ष जैन समाज ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए अवेध निर्माण करने वाले डालचंद गुर्जर एवम उनके साथियों की तत्काल गिरफ्तारी एवम अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त किए जाने की मांग की । इस अवसर पर भरत मोदी,नरेंद्र वेद,सौरभ पाटोदी,नकुल पाटोदी,प्रदीप बडज्ञात्या,मनीष अजमेरा,कमल रावका,जेनेश झांझरी,पिंकेश टोंग्या,अशोक पाटोदी , डीके जैन, मयंक जैन , देवेंद्र पाटोदी,राजेंद्र गंगवाल,विपिन गंगवाल,राजेश जैन दद्दू ,हर्ष गोधा,निलेश सेठी,निलेश छाबड़ा, कैलाश मामा अजमेरा,प्रमोद पापड़ीवाल,सुनील पहाडिय़ा,निलेश सोनी,कमलेश गंगवाल सहित महिलाएं भी बड़ी संख्या में धरने पर बैठी।

समाज जनों ने कहा की अहिंसक जैन समाज के सबसे बड़े दस लक्षण पर्व पर्युषण पर्व को बिगाडऩे की साजिश रची जा रही है। समाज को सडक़ पर उतरने के लिए विवश किया जा रहा है।

## जयरामपुर कॉलोनी में कमल आहूजा की भजन संध्या पर झूमे भक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री गणेशधाम जयरामपुर कॉलोनी पर कमल आहूजा की भजन संध्या के बाद भगवान झुलेलालजी का बहराणा रात्रि में राधा कृष्ण और बजरंग बली की झांकी रात्रि में महआरती बाद प्रसाद वितरण हुआ। कल 28 को भगवान का विधिपूर्वक विसर्जन होगा,108 गणेशजी के अलग अलग रूपो का माँ नर्मदा के तट पर विसर्जन होगा। उक्त जानकारी आयोजक अनिल आगा ने दी।

### कटाक्ष




# मेडिकल बिल पास कराने पर ली थी 4 हजार की रिश्वत

### कार्ट ने आरोपित को सुनाई 4 साल की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मेडिकल बिल पास करवाने के नाम पर 4 हजार रुपये रिश्वत लेने वाले शासकीय सेवक को विशेष न्यायालय ने चार वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। आरोपित ने फरियादी से 43471 रुपये का मेडिकल बिल पास करवाने के लिए रिश्वत ली थी। कोर्ट ने आरोपित पर चार हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

शिकायतकर्ता सतीश शर्मा ने 6 जनवरी 2014 को लोकायुक्त शिकायत की थी। इसमें कहा था कि आवेदक ने पत्नी का इलाज इंडियन रेडक्रास सोसाइटी महू में कराया था। इसका 43471 रुपये का मेडिकल बिल भरकर उसने प्रथम वाहिनी के सेनानी कार्यालय में अक्टूबर 2013 में जमा कर दिया था।

#### चार हजार रुपये किये थे जब्त

2 जनवरी 2014 को कार्यालय में पदस्थ आरोपित ब्रजेन्द्र गुप्ता उससे मिला। उसने कहा कि मेडिकल बिल की राशि में से जितनी राशि मंजूर होगी, उसका दस प्रतिशत रिश्वत के रूप में लगेगा। फरियादी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त पुलिस ने ब्रजेन्द्र शरण गुप्ता की टेबल से चार हजार रुपये जब्त किए। जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष न्यायाधीश राकेश गोयल ने आरोपित ब्रजेन्द्र को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 एवं 13(1) व सहपठित धारा 13(2) के तहत चार वर्ष कठोर कारावास और चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक ज्योति गुप्ता ने पैरवी की।

# कल बिजली बिल भुगतान केंद्र खुले रहेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ता सुविधा के मद्देनजर 29 सितंबर अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन बिजली बिल भुगतान केंद्र खुले रखेगी। कोई भी बकायादार उपभोक्ता इंदौर शहर के 30 , जिले के 62 और कंपनी क्षेत्र के 434 भुगतान केंद्र पहुंचकर देयक जमा करा सकता हैं। इसके अलावा फोन पे, गुगल पे, पेटीएम, एमपी ऑन लाइन, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड इत्यादि से भी कैशलेस तरीके से घर बैठे बिजली बिलों का भुगतान किया जा सकता है। कैशलेस भुगतान पर प्रति बिल छूट (प्रोत्साहन राशि) भी दी जाती है।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया आरोपी

## कोर्ट ने सुनाई 10 साल के कठोर कारावास की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले आरोपित को विशेष न्यायालय ने 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने पीडिता को प्रतिकर राशि के रूप में 40 हजार रुपये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से दिलवाए जाने की अनुशंसा भी की। आरोपित का नाम पवन राठौर निवासी खजराना है।

24 जून 2021 को नाबालिग के दादा ने खजराना पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी नाबालिग पोती बगैर बताए कहीं चल गई है। कोई अज्ञात बदमाश उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया है। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस किशोरी तक पहुंची।

### 10 वर्ष की सजा

उसने पुलिस को बताया कि आरोपित बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) सुरेखा मिश्रा ने प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए आरोपित पवन को धारा 376 (1) में 10 वर्ष कठोर कारावास और 5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुशीला राठौर ने पैरवी की। कोर्ट ने प्रतिकर राशि के साथ ही हजार्ने की रकम भी पीडिता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

# ब्लैक रिबन समाधान अभियान के तहत 635वीं कार्यशाला आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ब्लैक रिबन इनोवेटिव समाधान के तहत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. वरूण कपूर द्वारा श्री समर्थ रामदास सेवा मंडल, श्री राम मंदिर, 457 क्लर्क कालोनी, इंदौर के लिये सायबर अपराध एवं सायबर सुरक्षा विषय पर 635वीं कार्यशाला दिनांक 26 सितम्बर 2023 को आयोजित की गई जिसमें श्री समर्थ रामदास सेवा मंडल के 90 सदस्यगण सम्मिलित हुए। सेवा मंडल के सदस्यों को संबोधित करते हुये डॉ. वरूण कपूर, अमनि द्वारा सायबर वर्ल्ड में की जाने वाली गतिविधियों के अंतर्गत अपनी मानसिकता को बदलने एवं सोशल मिडिया व कम्यूनिकेशन में अंतर को समझाते हुये सायबर स्पेश का उपयोग सतर्कता एवं जागरूकता के साथ करने का आग्रह किया गया । डॉ. कपूर द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सेवा मंडल के सदस्यों को फिशिंग के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि सारे अपराध फिशिंग के माध्यम से ही किये जाते हैं जिसका मुख्य आधार डर एवं लालच है । फिशिंग जिसके माध्यम से सायबर अपराधी ईमेल या मैसेज में एक लिंक भेजते है और यदि यूजर डरकर या लालच में आकर उस लिंक पर क्लिक कर जानकारी दर्ज कर सबमिट कर देता है तो जानकारी सायबर अपराधी तक पहुंच जाती है ।



# भाजपा की दूसरी लिस्ट के बाद बगावत के सुर

## सतना, मैहर, सीधी, नागदा में विरोध; नाराज नेता बोले- निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बीजेपी प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी होने के बाद कुछ विधानसभा क्षेत्रों में बगावत के सुर तेज हो गए हैं। सतना, सीधी और नागदा में घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध शुरू हो गया है। इन सीटों पर कुछ बीजेपी नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का दावा किया है।

### सीधी में बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

सीधी में भाजपा ने वर्तमान विधायक केदारनाथ शुक्ला का टिकट काटकर सांसद रीति पाठक को प्रत्याशी घोषित किया है। इस फैसले से केदारनाथ नाराज हैं। वहीं, टिकट की दावेदारी कर रहे बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉ. राजेश मिश्रा ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया है।

### सतना विधानसभा क्षेत्रः भाजपा नेता ने पार्टी छोड़ी

सतना विधानसभा सीट से सांसद गणेश सिंह प्रत्याशी बनाए गए हैं। इससे नाराज स्थानीय नेता शिवा चतुर्वेदी ने पार्टी छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा, कोरोना काल में यही सांसद गणेश सिंह घर से नहीं निकले। सतना की जनता ने अगर सहमति दी तो वे गणेश जी के आशीर्वाद से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। यहां से पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी भी बगावत कर सकते हैं।

### श्योपुर विधानसभा क्षेत्रः पूर्व जिला अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया

श्योपुर विधानसभा सीट से पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय प्रत्याशी बनाए गए हैं। इस फैसले से नाराज होकर पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम रावत ने इस्तीफा दे दिया है। रावत का कहना है कि ह्यभाजपा एक ही व्यक्ति को पिछले 30 साल से टिकट देकर दूसरे समाजों की अनदेखी कर रहे है।

### मैहर विधानसभा क्षेत्रः नारायण बोले- मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता

मैहर विधानसभा से श्रीकांत चतुर्वेदी को कैंडिडेट घोषित किए जाने के बाद भाजपा से विधायक नारायण त्रिपाठी ने पार्टी के फैसले पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि इतने सीनियर नेताओं और मंत्रियों को विधायक का चुनाव लड़ाया जा रहा है तो मुरली मनोहर जोशी और लालकृष्ण आडवाणी का क्या गुनाह था। उन्हें मौका देना चाहिए था। मैं विन्ध्य प्रदेश के पुनर्निर्माण की लड़ाई लड़ रहा हूं और टिकट से मेरे फैसले में फर्क नहीं आएगा। बीजेपी में सांसद विधायक का और विधायक सरपंची का चुनाव लड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। पिछले चुनाव में श्रीकांत चतुर्वेदी कांग्रेस से प्रत्याशी थे और 184 वोट से नारायण से हारे थे।

### नागदा विधानसभा क्षेत्रः हो सकती है बगावत-

नागदा-खाचरोद विधानसभा क्षेत्र से डॉ. तेज बहादुर सिंह को टिकट दिए जाने से नाराज लोकेंद्र मेहता ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सर्वे और पैनल में एक नम्बर पर नाम होने के बाद भी टिकट नहीं दिया गया। यह समझ से परे है कि किस आधार पर फैसला लिया गया। लेकिन वे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

### हमारे सारे दिग्गज चुनाव लड़ेंगे- शिवराज-

बीजेपी की विधानसभा चुनाव की दूसरी सूची में दिग्गजों के नाम पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, यह अभूतपूर्व फैसला है। इससे हमारी महा विजय निश्चित हो गई है। हमारे सारे दिग्गज चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। घबराहट में जल्द ही भाजपा की सूची जारी करने के कांग्रेस के बयान पर सीएम ने कहा, परेशान हम लोग नहीं परेशान कांग्रेस के लोग हैं। वे बौखला गए हैं उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है और हमारी महा विजय निश्चित है।

---

◆ दिग्विजय बोले-सीएम और मंत्रियों के कट सकते हैं टिकट : कहा-

# मध्यप्रदेश में गुजरात जैसा प्रयोग कर सकती है भाजपा

### कांग्रेस की लहर से घबराए मोदी-शाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सीनियर कांग्रेस लीडर दिग्विजय सिंह ने दावा किया है कि भाजपा मध्यप्रदेश में भी गुजरात वाला प्रयोग कर सकती है। यहां मुख्यमंत्री से लेकर तमाम मंत्रियों के टिकट कट सकते हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मोदी और अमित शाह घबराए हुए हैं।

दिग्विजय सिंह ने कहा- ह्यभाजपा ने वो प्रयोग जो गुजरात में किया था, कि सारे मिनिस्टर, सब के टिकट काट दिए, वो प्रयोग यहां भी हो सकता है। इसका मतलब ये होगा कि मुख्यमंत्री से लेकर जितने मंत्री हैं, सबके टिकट भी कट सकते हैं। लेकिन इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। जनता मन बना चुकी है। कांग्रेस के पक्ष में लहर है।ह्

दिग्विजय सिंह उज्जैन जिले के घट्टिया विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में शामिल होने आए थे। इससे पहले उन्होंने उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात की। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस को लेकर कहा- ह्यजो बिकने वाले थे, सब बिक गए, अब कोई बिकने वाला नहीं है।ह्व इखढ के मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए थीम सॉन्ग ह्यमध्यप्रदेश के मन में मोदीह्व पर कहा, यह उनकी घबराहट का प्रमाण है। कांग्रेस के पक्ष में लहर है। उज्जैन के घट्टिया विधानसभा में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में शामिल होने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने महाकाल मंदिर पहुंचकर दर्शन किए।

**मैं मामा, भैया... सब शिवराज की नाटक-नौटंकी-** दिग्विजय सिंह ने सीएम शिवराज सिंह को लेकर कहा कि साढ़े 19 साल बाद इन्हें लाड़ली बहना याद आ रही है। अब तक क्या करते रहे। जब बिजली के बिल की वसूली में कुर्की की, तब मामा जी को अपनी भांजियों और बहनों के पति यानी जीजा जी पर दया नहीं आई। उन्हें जेल भेज दिया। मैं तुम्हारा मामा, मैं तुम्हारा भैया, सब इनकी नाटक - नौटंकी है।ह्

**लोगों में सरकार के लिए गुस्सा : दिग्विजय सिंह-** राज्यसभा सांसद ने भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को फ्लॉप बताया। शिवराज सरकार को घेरते हुए कहा, ह्यपिछले 20 साल में किसी भी वर्ग के लिए कुछ नहीं किया। अनुसूचित जाति, जनजाति की जमीनें छीन लीं। उन पर अत्याचार किया। जंगल की जमीन पर आदिवासी के पट्टे कैंसिल कर दिए। उन्होंने बातचीत के दौरान शिवराज सरकार पर व्यापारियों से लूट और चंदा वसूली का आरोप लगाया, कहा कि कौन सा वर्ग उनको आशीर्वाद देगा। लोगों में गुस्सा है। लोग दंड देने के लिए बैठे हैं।

---

# भार्गव बोले-फोटो नहीं होने से हैसियत पर फर्क नहीं पड़ता

### भाजपा के पोस्टर्स पर कहा- मैं उस युग का हूं, जब देश में भाजपा का कुछ था ही नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** जन आशीर्वाद यात्रा के पोस्टर्स और होर्डिंग्स में फोटो न होने पर मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा है कि इससे उनकी हैसियत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस के सवाल उठाने पर कहा कि विपक्षियों का धन्यवाद। उनकी शुभकामनाएं मेरे प्रति हैं। राजनीति में अगर हम एक - दूसरे की चिंता करते हैं तो इसमें कोई बुरी बात नहीं, लेकिन पार्टी अपनी जगह है।

पोस्टर्स को लेकर चल रही कंट्रोवर्सी के बीच मध्यप्रदेश के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को मंत्री से मुलाकात की। वे भार्गव से मिलने भोपाल स्थित उनके बंगले पर पहुंचे थे। करीब 1 घंटे तक बंद कमरे में दोनों नेताओं की चर्चा हुई। हाल ही में भोपाल में हुए भाजपा के कार्यक्रमों में भी गोपाल भार्गव नजर नहीं आए। अचानक हुई दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद दैनिक भास्कर ने भार्गव से इस मीटिंग को लेकर पूछा।

**मुझे अपनी पहचान की ज्यादा इच्छा नहीं-** भाजपा के सीनियर लीडर गोपाल भार्गव ने कहा, ह्यजिसने भी जन आशीर्वाद यात्रा के पोस्टर बनाए होंगे, उसने पूछकर तो किया नहीं। जिस दृष्टि से किया है, जो बनवाने वाले या छापने वाले लोग हैं, वही इसको अच्छे तरीके से बता सकते हैं। मेरा अब चार दशक का इतना लंबा राजनीतिक जीवन हो गया। जब इनमें से कोई मंत्री नहीं थे, तब मैं था। इनमें से अधिकांश लोग नहीं थे। मुझे अपनी पहचान की ज्यादा इच्छा नहीं है। सब लोग जानते-पहचानते हैं। सबका प्रेम और विश्वास है। सभी की चाहत है।ह्व

**मैं उस युग का हूं, जब देश में भाजपा के दो सांसद थे-** भार्गव ने कहा, ह्यमैं बहुत ज्यादा फोटो खिंचाने में नहीं पड़ता। जब कोई बड़े नेता आते हैं तो लोग फोटो खिंचाने के लिए दौड़ पड़ते हैं। धक्का - मुक्की होती है, लेकिन यह मेरे स्वभाव में नहीं है। मैं उस युग का हूं, जब देश में इखढ के दो सांसद थे। हम फोटो खिंचाने के लिए थोड़ी आए थे। जब देश में इखढ का कुछ था ही नहीं, किसी राज्य में सरकार नहीं थी, गिने-चुने विधायक होते थे, दो सांसद होते थे, मैं तब से काम कर रहा हूं।



# संपादकीय

## सुरक्षा की उम्मीद

दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष शुरुआती छह महीनों में राजधानी के विभिन्न इलाकों से उन्नीस हजार से ज्यादा वाहन चोरी हो चुके हैं। हर रोज सौ से ज्यादा वाहनों की चोरी की वारदात को नहीं रोक पाने के लिए कौन जिम्मेदार है? इससे चोरी के बाकी मामलों और अन्य अपराधों के बदस्तूर जारी रहने की स्थितियों और उनके कारणों का अंदाजा लगाया जा सकता है। देश की राजधानी होने के नाते यह उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था दूसरे राज्यों और इलाकों से बेहतर होगी और यहां अपराध की दर काबू में होनी चाहिए। दिल्ली में जंगपुरा इलाके के एक आभूषण की दुकान में बीस करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत के गहनों और नगदी की चोरी को आम आपराधिक घटनाओं में शुमार किया जा सकता है, लेकिन इस घटना से फिर यह साफ होता है कि यहां कानून-व्यवस्था के मामले में सर्वोच्च मानकों के लागू होने की हकीकत क्या है। इस समूचे मामले का जो ब्योरा सामने आ सका है, उससे यह जाहिर है कि इतनी बड़ी चोरी को पुख्ता योजना बना कर अंजाम दिया गया। शुरुआती आकलनों के मुताबिक, दुकान में कई स्तरों की सुरक्षा व्यवस्था को पार कर चोर बड़े पैमाने पर सोने और हीरे के आभूषण उठा ले गए। इमारत में घुसने और बिजली आपूर्ति बाधित करने से लेकर स्ट्रांग रूम में घुसने के लिए सेंध मारने और भीतर जाकर बेहद मजबूत 'लाकर' को तोड़ कर गहने चुरा ले जाने का ब्योरा किसी कहानी की तरह है। लेकिन चोरों ने जिस तरह सुनियोजित तरीके से इसे हकीकत में तब्दील किया, उसमें किसी की मिलीभगत से लेकर घटनास्थल का बारीकी से अध्ययन करने के संकेत मिलते हैं। सवाल है कि आभूषण की दुकान की अपने स्तर पर तय की गई सुरक्षा व्यवस्था के अलावा समूचे सरकारी तंत्र के कामकाज और उसकी उपस्थिति का क्या असर था कि चोरों को इतने बड़े कांड को सफाई से अंजाम देने में कोई बाधा पेश नहीं आई। घटना के बाद कार्रवाई के नाम पर पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए इमारत के आसपास की छतों से नमूना एकत्र करने, लोगों से पूछताछ और अंगुलियों के निशान लेने की प्रक्रिया पूरी की, लेकिन हालत यह है कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी इसमें लिप्त लोगों की पहचान आसानी से नहीं हो सकी। इस वारदात के क्रम में जो स्थितियां सामने आईं हैं, उसे देख कर यह समझना मुश्किल हो जाता है कि दिल्ली में हाल ही में जी20 सम्मेलन का पूरी कामयाबी से आयोजन किया गया। उस दौरान समूची दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था का स्तर ऐसा था जिसमें बड़े से लेकर छोटे स्तर के किसी भी अपराध के बारे में सोचना तक मुमकिन नहीं था। सवाल है कि क्या सुरक्षा व्यवस्था के उस उच्च स्तर का इंतजाम सिर्फ तात्कालिक था और क्या बाकी दिनों में सब कुछ अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है?

### अर्ज किया है..!

*पड़ा रहने दो अपने बोरिए पर*
*हम फकीरों को*
*फटी रह जाएंगी आंखे*
*जो मुट्ठी खोल दी हमने*

*-मुनव्वर राना*





।। रामकथा ।। ।। मानस मंदिर ।।
गुजराती से हिंदी अनुवाद

**संकल्प ये शाश्वत पुजारी है ....**

विकल्प ये काम चलाऊ पुजारी है ...वो थोड़े समय के लिए किसी की जगह पर... जैसे मूल पुजारी कहे कि मुझे अपने गांव जाना पड़ेगा तो तू 8 दिन आरती उतार लेना....

संकल्प ये कायमी पूजारी है ....

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**अनंत चतुर्दशी**

।। ॐ अनंताय नम ।।
।। ॐ अनंताय नम ।।
।। ॐ अनंताय नम ।।



The lord neither arrives nor leaves

He has existed before time
and will exist beyond

Ganeshotsav is symbolic of our life

We arrive, we celebrate,
we merge into the elements

-- पुष्पेन्द्र पुष्प --

*detectivegroup.in *dgr.co.in *counsellingclub.co.in

Uttarpradesh

# गूगल से कस्टमर केयर नंबर निकालना पड़ा भारी! लिंक पर क्लिक करते ही ट्रेनी डिप्टी एसपी का खाता खाली

**मुरादाबाद, (एजेंसी)** गूगल से कस्टमर केयर नंबर निकालना इतना भारी पड़ा कि लिंक पर क्लिक करते ही ट्रेनी डिप्टी एसपी का खाता खाली हो गया। खाते से साइबर ठगों ने लगभग 2 लाख रुपये निकाल लिए। साइबर ठगी यूपी के मुरादाबाद की भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी में तैनात ट्रेनी डिप्टी एसपी ऐश्वर्या उपाध्याय के साथ हुई। उनके एक नहीं बल्कि दो बैंक खातों से कुल 1 लाख 95 हजार 183 रुपये निकाल लिए गए। उन्होंने थाना सिविल लाइन में ठगी की शिकायत दर्ज कराई जिसमें बताया कि उनके साथ फ्रॉड कैसे हुआ।

शिकायत में दी जानकारी के अनुसार ऐश्वर्या ने कहा कि उन्हें एक कोरियर रिसीव करना था।



हालांकि तय समयनुसार उनका कोरियर नहीं पहुंचा। उन्होंने अधिक जानकारी के लिए कोरियर कंपनी को कॉल करने के लिए गूगल से कोरियर कंपनी का नंबर निकाला। उन्हें गूगल सर्च में जो नंबर मिला उसपर कॉल करने पर एक कस्टमर केयर एक्सेक्यूटिव ने फोन उठाया। वहां से बताया गया कि कंपनी के पास उनका पूरा पता नहीं है इस कारण कोरियर नहीं भेज पाए हैं। ऐश्वर्या ने अपना पूरा पता अपडेट करवाया।

इसके बाद ऐश्वर्या की ईमेल पर एक लिंक आया। उस लिंक पर क्लिक करने के बाद एक बताए नंबर पर ऐश्वर्या ने वो लिंक भेज दिया। इसके बाद जो हुआ उससे ऐश्वर्या हैरान रह गई। एक के बाद एक ऐश्वर्या के फोन पर

New Delhi

## DTC बस के अंदर महिला के साथ मारपीट, खाकी वर्दी पहने शख्स ने पटककर पीटा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें डीटीसी बस के अंदर पुलिस की वर्दी में एक शख्स महिला के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा है. जब वह महिला के साथ मारपीट कर रहा था तो वहां मौजूद एक शख्स ने पीड़िता को बचाया और बस से उतार लिया.**

इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि शख्स महिला को बस में पटककर उसके साथ मारपीट कर रहा है. इस दौरान महिला भी चीखकर मदद मांग रही है, लेकिन काफी देर तक कोई उसकी मदद नहीं कर रहा है. थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति ने मारपीट करने वाले शख्स के सिर पर हेलमेट से कई बार मारकर उसे महिला से अलग कराया.

जब बस के अंदर मारपीट हो रही थी, उस दौरान बस खड़ी हुई थी और बस कंडक्टर समेत कई लोग वहां खड़े हुए मारपीट को तमाशा की तरह देख रहे थे. जब दोनों को नीचे उतारा गया तो महिला कह रही थी कि इस शख्स ने धोखा देकर दूसरी शादी कर ली है और हमारा केस कोर्ट में चल रहा है.

Bihar

## 16 साल के लड़के ने 12 साल की लड़की से होटल में किया रेप, इंस्टा पर बने थे दोस्त

**पटना , (एजेंसी)** राजधानी पटना से रेप की सनसनीखेज घटना सामने आई है। जहां 16 साल के लड़के ने 12 साल की लड़की से होटल में रेप को अंजाम दिया और फिर फरार हो गया। दोनों की दोस्ती सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टा पर हुई थी। आरोपी लड़का पीड़िता के पड़ोस में ही रहता है। और दोनों एक-दूसरे को जानते भी है। जानकारी के मुताबिक रुपसपुर निवासी 12 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित पीड़िता का जानकार है। वह बहलाकर पीड़िता को राजा बाजार स्थिति एक होटल में ले गया था। जहां किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता घटना स्थल के समीप रोड पर बदहवास थी। तभी भाई उसे घर ले गया। इसके बाद पीड़िता ने घटना के बारे में परिजनों को बताया। पीड़िता का परिवार मुकदमा दर्ज करवाने के लिए स्थानीय थाने में गया।

Chhattisgarh

## कहर बनकर टूटी आकाशीय बिजली : बालोद में तीन महिलाओं की मौत, खेत में पेड़ के नीचे खा रही थी खाना

**बालोद, (एजेंसी)** डौंडीलोहारा विकासखंड के किसना गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई है। तीनों महिलाएं चमेली निषाद, कामीन निषाद, बिसंतीन साहू सभी दल्लू निषाद के खेत में काम कर रही थी। खाना खाने के लिए वे सभी पेड़ के पास बैठे थे। अचानक बारिश शुरू हो गई। अचानक तीनों महिलाएं आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं और उनकी मौत हो गई। तीनों शवों का देवरी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है।

मामले की जानकारी के बाद संसदीय सचिव एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद मौके पर देवरी अस्पताल पहुंचकर मृतक परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगे की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी की जाए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने चर्चा करते हुऐ बताया कि बहुत ही दुखद घटना है। वह पीड़िता परिवार को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। शासन और प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।

खेल

## Asian Games 2023: भारतीय निशानेबाजों ने फिर किया कमाल, पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण; चीन को एक अंक से हराया

**हांगझोऊ, (एजेंसी) एशियाई खेल 2023 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। खासकर भारतीय निशानेबाजों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। शूटिंग में भारत को अब तक 13 पदक मिल चुके हैं। भारत ने कुल 24 पदक जीते हैं। इनमें आधे से ज्यादा पदक शूटिंग में आए हैं। भारतीय निशानेबाज चार स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं, जबकि भारत की झोली में कुल छह स्वर्ण हैं।**



एशियाई खेल के पांचवें दिन भारतीय पुरुष निशानेबाजों की टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1734 के साथ चीन को एक अंक से हराकर टीम स्वर्ण जीता। वियतनाम ने 1730 के साथ कांस्य पदक जीता। सरबजोत (580) और अर्जुन (578) क्रमशः 5वें और 8वें स्थान पर रहे और व्यक्तिगत स्पर्धा फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। शिवा (576) 14वें स्थान पर रहे। भारतीय पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए स्वर्ण पदक जीता। सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने मिलकर 1733 अंकों के साथ टीम स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने चीन को केवल एक अंक से हराया, जिसमें सरबजोत और नरवाल ने एक सही शॉट (10) हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया। सरबजोत और चीमा ने भी शानदार वापसी के बाद शीर्ष आठ में जगह बनाकर व्यक्तिगत फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सरबजोत सिंह कुल 530 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि चीमा 578 के साथ आठवें स्थान पर थे। हालांकि, नरवाल 576 अंक के साथ 14वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना पाए।

सिनेमा

## हैप्पी बर्थ डे : पढ़ाई से बचने के लिए एक्टर बने थे रणबीर कपूर

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर आज अपना 41वां जन्मदिन मना रहे हैं। रणबीर का जन्म 28 सितंबर 1982 को ऋषि कपूर और नीतू के घर हुआ था। रणबीर कपूर ने साल 2007 में संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से डेब्यू किया था, लेकिन बतौर एक्टर पारी शुरू करने से पहले रणबीर कपूर ने भंसाली को फिल्म ब्लैक में असिस्ट किया था। रणबीर ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया है और अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। रणबीर के खाते में राजनीति, रॉकस्टार, बर्फी, ये जवानी है दीवानी, ऐ दिल है मुश्किल, तमाशा और ब्रह्मास्त्र जैसी हिट फिल्में शुमार हैं। जन्मदिन पर जानते हैं रणबीर के बारे में कुछ बातें...



कपूर परिवार में वैसे तो पीढ़ी दर पीढ़ी लोग बतौर एक्टर ही लोग सामने आए हैं, लेकिन रणबीर कपूर ने अधिक पढ़ाई से बचने के लिए एक्टिंग को चुना था। अमर उजाला की एक रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने इस बारे में कहा था, 'हम सबके एक्टर बनने के पीछे सिर्फ एक ही वजह है, हमारे परिवार में किसी ने भी पढ़ाई नहीं की और सभी को एक्टर बनना पड़ा।' इतना ही नहीं रणबीर ने ये भी कहा कि उन्होंने अपने दादा राज कपूर और बाकि सबसे अधिक पढ़ाई की है, जोकि 12वीं पास है।

टाइम्स नाऊ की एक रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर की नेटवर्थ 345 करोड़ रुपये की है। रणबीर कपूर ने अपने करियर में कई दमदार फिल्में दी है और रिपोर्ट के मुताबिक वो एक फिल्म के लिए 50 करोड़ रुपये फीस लेते हैं। वहीं सिर्फ फिल्मों से ही नहीं बल्कि एंडोर्समेंट से भी वो खूब पैसे कमाते हैं।

## Highlights

1. *Jaishankar to meet Blinken; US says its stand on Canada is clear*
2. *Traffic restrictions imposed in B'luru due to Ed-Milad procession*
3. *4 attack K'taka milk co-op's poll officials, rob 250 ballot papers*
4. *PM Modi remembers Lata Mangeshkar on her 94th birth anniversary*
5. *Video shows drunk staffer watching phone while operating train that climbed platform in UP*

# Yatra Online IPO to be listed today on stock markets. Check price band, GMP




**NEW DEIHI, (Agency).** Travel firm Yatra Online's initial public offering (IPO) will be listed today. i.e September 28, 2023. The IPO was open for subscriptions on September 14 and concluded on September 20. The initial shares were subscribed 1.61 times on the last day of its subscription.

The ₹775 crore initial share sale got bids for 4,98,92,325 shares against 3,09,42,356 shares on offer, as per the data from the National Stock Exchange.

"Trading Members of the Exchange are hereby informed that effective from Thursday, September 28, 2023, the equity shares of Yatra Online Limited shall be listed and admitted to dealings on the Exchange in the list of 'B ' Group of Securities", the Bombay Stock Exchange said in a circular ahead of the listing.

The price band of the issue has been fixed at ₹142 per equity shares.

On September 14, the company had said it has mobilised ₹348.75 crore from anchor investors.

We're now on WhatsApp. Click to join.

Proceeds from the fresh issue worth up to ₹150 crore will be utilised towards strategic investments, acquisitions and inorganic growth and up to ₹392 crore towards investment in customer acquisition and retention, technology, and other organic growth initiatives.

Grey Market Premium

Grey market premium (GMP) is the price at which the IPO shares are traded before being listed on the stock market. According to topsharebrokers.com, the GMP of the Yatra Online IPO is zero.

Yatra Online Ltd is a corporate travel services provider in terms of the number of corporate clients and the third largest online travel company in the country among key online travel players in terms of gross booking revenue and operating revenue. The shares of the company will be listed on the BSE and the NSE. SBI Capital Markets, DAM Capital Advisors and IIFL Securities were the managers to the offer.

# Gold and silver prices on September 28



**NEW DEIHI, (Agency).** Gold prices decreased by ₹25 on Thursday. According to the website Goodreturns, one gram of 22K gold was priced at ₹5,450 while the price of 24K gold stood at ₹5,945 per gram.

'K' or carat is a term used to define the purity of gold. A 24K gold is called pure gold as it has a purity of 99.9 per cent. It is in liquid form and does not contain traces of other metals. On the other hand, a 22K gold contains traces of other metals like copper and zinc.

Here are gold prices for major Indian cities on September 28, 2023.

Gold is usually traded in form of coins, bars or jewellery. It is a preferred mode of investment and acts as a perfect hedge against inflation. Gold prices in India are decided on several factors including currency, global demand, interest rates and government policies. If the rupee depreciates against the US dollar in India, gold will become expensive.

The price of gold is also dependent on international factors like global economic growth, dollar strength against other currencies etc. Another important factor is the demand for the precious metal. If the demand for gold is not robust, the prices will fall. Another key factor affecting gold price is the interest rate. For example, gold prices fall when the interest rates in countries like US surge.

# खेत के किनारे मृत अवस्था में मिला तेंदुआ

### शरीर पर मिले घाव के निशान, डॉक्टर बोले - लड़ाई के दौरान हुई तेंदुए की मौत,वन विभाग की जांच जारी

**इंदौर।** महू तहसील में आने वाले वन क्षेत्र बसी पिपरी गांव में तेंदुए की मौत का मामला सामने आया है। खेत के किनारे तेंदुआ मृत अवस्था में मिला है। जानकारी के बाद वन विभाग की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। टीम उसे पीएम के लिए जनपद स्थित पशु चिकित्सालय लेकर आई। यहां पर तेंदुए के पीएम के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। डॉ राकेश सिंह सिसोदिया ने बताया कि तेंदुए की उम्र 4 साल के करीब है। प्रथम दृष्टि मामला दो वन्य जीव की लड़ाई का सामने आया है। उन्होंने बताया कि जब तेंदुए के शव को पूरी तरह से चेक किया गया तो उसकी आंख पर चोट के निशान थे और पेट पर भी पंजे के निशान नजर आए। जब खाल उतार कर चेक किया गया तो पेट के अंदर भी घाव थे। जिससे प्रतीत होता है कि लड़ाई में घायल होने के बाद तेंदुए की मौत हुई है। मामले में वन विभाग के रेंजर वैभव उपाध्याय ने बताया कि सुबह जानकारी मिली थी की बसी पिपरी में खेत के पास एक तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा है। टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचकर तेंदुए के शव को बरामद कर जनपद लाया गया गया। उसके पीएम के बाद अंतिम संस्कार किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

## कंपनी कर्मचारी ने लगाई फांसी

**इंदौर।** आजाद नगर में रहने वाले निजी कंपनी के कंपनी के एक कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब बेटी घर पहुंची तो फंदे पर उन्हें लटके हुए देखा। देर शाम शव को एमवाय लेकर आया गया। कर्मचारी ने एक पन्ने का सुसाइड नोट लिखा है। जिसमें बीमारी से परेशान होने के साथ तनाव की बात कही है। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक संजय (54) पिता सुरेश तायड़े निवासी पवन नगर पालदा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को जब बेटी जॉब से घर आई तो पिता को फंदे पर लटके देखा। बाद में मां को कॉल कर बुलाया। संजय के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। उन्होंने बताया कि नौकरी को लेकर वह ठीक से काम नही कर पा रहे हैं। मौत में किसी का कुछ लेना देना नहीं। पुलिस के मुताबिक बेटे ने जानकारी दी कि वह पिछले कुछ माह से हार्ट और लिवर की बीमारी से परेशान थे। इसके कारण तनाव में रहते थे। उनसे ठीक से काम नहीं होता था। जल्दी थक जाते थे वजन का काम भी नहीं कर पाते थे। संजय का बेटा भी उनसे अलग स्कीम नंबर 78 में रहता है। वहीं परिवार में एक बेटी की शादी हो चुकी है। दूसरी अपने माता-पिता के साथ रहती है।

## बच्चों को स्कूल छोडऩे गई महिला की लूटी चेन

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके की रघुवंशी कालोनी में अलसुबह चेन स्नैचिंग की घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया। महिला अपने बच्चे को स्कूल छोडऩे के लिए पैदल जा रही थी इसी दौरान उनके पास बदमाश आया और धक्का देकर चेन लूट ली। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रघुवंशी कालोनी में जादौन परिवार रहता है। परिवार की महिला बुधवार सुबह घर से बच्चों को स्कूल छोडऩे के लिए निकली थी। इस दौरान बाइक से दो बदमाश कालोनी के अंदर आए। इसमें से एक बदमाश गाड़ी से उतरा और पैदल पैदल चलकर उनके पास पहुंचा और उन्हें धक्का देकर गले पर झपट्टा मारकर चेन लूटकर बदमाश मोटरसाइकल से फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

### अनंत चतुदर्शी चल समारोह

# जगह-जगह तैनात रहेगी पुलिस

### यातायात पुलिस ने भी बनाया ट्रैफिक प्लान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अनंत चतुदर्शी चल समारोह गुरुवार की रात शहर की सडक़ों पर निकलेगा। चल समारोह के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जहां वॉच टावरों से पुलिस निगाह रखेगी, वहीं जगह-जगह पर पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। उधर, यातायात पुलिस ने भी ट्रैफिक प्लान बनाया है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।**

झांकी मार्ग भंडारी ब्रिज से जेलरोड, नगरनिगम चौराहा, कृष्णपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, राजमोहल्ला, बड़ा गणपति, एमजी रोड से किशनपुरा पुल होते हुए भंडारी ब्रिज तक झांकियां निकलेगी। इस दौरान जगह-जगह पर वॉच टावरों से पुलिस निगाह रखेगी, वहीं सीसीटीवी कैमरों से भी पूरे झांकी मार्ग पर सतत निगरानी की जाएगी। यदि कोई भी इस दौरान हुड़दंग मचाते, छेड़छाड़ करते दिखाई दिया तो उसे तत्काल हिरासत में लिया जाएगा। इसके अलावा पूरे झांकी मार्ग को अलग-अलग जोन में बांटकर अधिकारियों की भी तैनाती रहेगी।

### ◆ ऐसा रहेगा ट्रेफिक प्लान

झांकियां निकलने के दौरान मरीमाता से रेलवे स्टेशन व बसस्टैंड की ओर जाने वाला ट्रैफिक भागीरथपुरा टी से एमआर 4 होकर राजकुमार ब्रिज के नीचे से वल्लभ नगर होकर जा सकेगा। जवाहर मार्ग से नंदलाल पुरा होकर यशवंत रोड चौराहा जाने वाला यातायात सैफी होटल चौराहे से हाथीपाला होकर जा सकेगा। मधुमिलन से नंदलालपुरा यशवंत रोड चौराहा राजमोहल्ला जाने वाले फॉरेस्ट टी से अग्रसेन चौराहा सपना-संगीता रोड का उपयोग करें। रीगल-लेन्टर्न चौराहा से मरीमाता जाने के लिए वल्लभ नगर से राजकुमार ब्रिज के नीचे से होते हुए एमआर मार्ग का उपयोग करना होगा। वहीं रीगल चौराहा से शास्त्री ब्रिज होकर यशवंतरोड चौराहा की तरफ जाने वाले भी जीपीओ, फॉरेस्ट टी से अग्रसेन सपना संगीता रोड का उपयोग करेंगे। ऐसे वाहन जो जवाहर मार्ग से आवागमन करते हैं, उन्हें राजमोहल्ला चौराहा से बियाबानी, दरगाह चौराहा या महूनाका, मच्छी बाजार, पंढरीनाथ, चन्द्रभागा पुल से होकर बड़ा रावला होकर आगे जा सकेंगे।वहीं मल्हारगंज थाने से एमजी राजने वाले भी मल्हारगंज थाने से एसीपी कार्यालय बड़वाली चौकी होते हुए सुभाष मार्ग से नगर निगम होकर आगे जा सकेंगे।

### ◆ यहां पार्किंग बंद रहेगा

नंदलालपुरा, यशवंत रोड, रामलक्ष्मण बाजार, नृसिंह बाजार, ,जी सच्चिदानंद, गौराकुंड, शक्कर बाजार, सुभाष चौक, राजवाड़ा, कृष्णपुरा पुल तक समस्त प्रकार के वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

### ◆ प्रतिबंधित मार्ग

भागीरथ पुरा टी से भंडारी ब्रिज तिराहा की ओर जाने वाला, रीगल चौराहा से शास्त्री ब्रिज, मृगनयनी की ओर, सैफी चौराहा से संजय सेतु, नंदलालपुरा की ओर, नगर निगम चौराहा से मृगनयनी चौराहा एवं चिकमंगलूर चौराहा की ओर जाने वाला मार्ग, राजकुमार ब्रिज से डीआरपी चौराहा की ओर जाने वाला मार्ग आम वाहनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा। चल समारोह मार्ग में अन्य सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। रामबाग से, महेश जोशी टी से एसीपी कार्यालय मल्हारगंज बड़वाली चौकी, इतवारिया बाजार, सब्जीमण्डी से दरगाह चौराहा से मच्छी बाजार, पंढरीनाथ थाना टी, गौतमपुरा टी, कबुतरखाना चौकी से किसी भी प्रकार के वाहन चल समारोह प्रार भ होने से समाप्ती तक प्रतिबंधित रहेंगे।

## पंखे के हुक से लटकती मिली 18 वर्षीय युवती

### इंदौर से नर्सिंग का कोर्स कर रही थी युवती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के अकोलियां ग्राम की मरीमता टेकरी पर रहने वाली सलोनी पिता राजेश साकेत (18) ने अपने ही घर में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकती मिली।**

सहायक उप निरीक्षक राजेश सिलोरिया ने सुचना देते हुए बताया कि कल शाम मरीमाता टेकरी निवासी छोटे लाल सतनामी ने सूचना दी की उसकी 18 वर्षीय नातिन ने अपने घर में फांसी लगा ली है। सुचना पर पुलिस बल ने मौके पर पहुंच कर तो पाया कि सलोनी रूम में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई है। पुलिस ने पंचनामा बना कर लाश को पोस्टमॉर्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। उप निरीक्षक राजेश सिलोरिया ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या युवती ने फांसी लगाई है।

मृतक के नाना छोटे लाल सतनामी ने बताया कि मृतिका सलोनी मेरी नाती है। वह रीवा की रहने वाली थी। सलोनी कुछ समय पूर्व ही पीथमपुर आई थी,उसने नर्सिंग का कोर्स करने के लिए इंदौर के अरविंदो अस्पताल में एडमिशन लिया था। वो हंसमुख स्वभाव की लडक़ी थी। कल हम पति पत्नी जब ड्यूटी से शाम को घर पहुंचे तो घर का दरवाजा अटका हुआ था। अंदर वाले रूम में सलोनी पंखे के हुक में दुपट्टे के सहारे लटकी हुई थी। उसने ये कदम क्यों उठाया समझ से परे है।

पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में फांसी लगाने की एक सप्ताह में यह छटवीं घटना है। जिसमें सभी युवा वर्ग के लोगों ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। सभी 18 से 31 वर्ष आयु वर्ग के है।

## पत्नी घर पहुंची तो दरवाजे पर गिरे पड़े था पति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आजाद नगर इलाके में रहने वाले बंगाली कारीगर की संदिग्ध परिस्थिती में मौत हो गई। पेट में गैस होने के चलते पत्नी मेडीकल पर ईनो लेने गई। जब वापस आई तो पति दरवाजे के यहां गिरा पड़ा मिला। उसे ऑटो रिक्शा से पत्नी एमवाय लेकर पहुंची। यहां चेकअप के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया।**

पुलिस के मुताबिक नूरी नगर में रहने वाले इसराईल शेख(40) को उसकी पत्नी संध्या उपचार के लिये बुधवार देर शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। संध्या ने बताया कि पति ओर वह काम से घर आए। करीब 7 बजे के लगभग पति ने पेट में गैस ओर जलन होने की बात की। तब संध्या ने कहां कि वह मेडीकल से ईनो ला देती है। वह ईनो लेने गई तब पति दरवाजे के यहां गिरे पड़े मिले। आसपास के लोगो से मदद लेकर वह उन्हें सीधे अस्पताल लेकर पहुंची।

### लव मेरिज की

संध्या ने बताया कि इसराईल शेख बंगाली कारीगर है। करीब 15 साल से इंदौर में ही रह रहे है। काम के दौरान दोनो की पहचान हुई। इसके बाद प्रेम संबध होने के बाद मंदिर में शादी की। वह अपने परिवार से अलग नूरी नगर में किराये से रहने लगे। दोनो का एक बेटा ओर बेटी है। पुलिस के मुताबिक संभवत हार्ट अटैक से मौत हुई है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिती स्पष्ट हो पाएगी।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।